दिनांक : 04.05.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार,

1- पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी, पश्चिम बंगाल में पहली बार बन रही भाजपा सरकार, असम और पुडुचेरी में एनडीए की वापसी।

2- तमिलनाडु में पहली बार चुनाव लड़ी टीवीसी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। केरल में 10 साल बाद कांग्रेस नीत यूडीएफ सत्ता में लौट रही।

3- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- ग्वालियर में बनेगा पशुओं के लिए केयर एंड वेलनेस सेंटर, डबरा में खोला जाएगा पशु चिकित्सालय।

और

4- प्रदेश में आज भी 34 जिलों में आंधी बारिश की चेतावनी।

---------

**मतगणना नतीजे**

पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। मतगणना के रूझान और परिणामों से भविष्य की राजनीति की दिशा तय होने के संकेत मिल रहे हैं। असम और पुद्दुचेरी में एनडीए की सत्ता बरकरार रहने के संकेत हैं, जबकि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है। तृणमूल कांग्रेस को 15 साल सत्ता में रहने के बाद इन चुनावों में हार का सामना करना पड रहा है। राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हुए हैं। राज्य की 294 सीटों के लिए इस महीने की 23 और 29 तारीख को दो चरणों में मतदान हुआ था। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी या गठबंधन को **148** सीटों के जादुई आंकडे की आवश्यकता होगी।

**293 सीटों पर हुई मतगणना में** भारतीय जनता पार्टी 124 सीटों पर आगे है जबकि 80 सीट जीत चुकी है। वहीं तृणमूल कांग्रेस 83 सीटों पर **सिमटती दिख** रही है। यहां कांग्रेस महज 2 सीट जीत रही है।

असम में बीजेपी की वापसी हुई है। विधानसभा की सभी **126** सीटों की मतगणना में सत्तारूढ़ **भाजपा गठबधन 101** सीटों पर आगे है। **कांग्रेस गठबधन 22** सीटें ही जीत रही है।

तमिलनाडु में विधानसभा की सभी 234 सीटों के परिणाम और रूझानों में अभिनेता विजय जोसेफ की पार्टी **टीवीके** ने सभी को चौंकाते हुए **108** सीटों पर बढ़त बना ली है। **ए.आई.ए.डी.एम.के. गठबधन 51** सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। जबकि **सत्तारूढ डीएमके गठबधन केवल 75** सीटें जीत रही है।

केरलम में विधानसभा की सभी **140** सीटों के रूझान के अनुसार **काग्रेस के नेतृत्व वाला यू.डी.एफ. गठबधन ने 10 साल बाद सत्ता में वापसी कर ली है।** यहां यूडीएफ **98** सीटें जीत रहा है। **एल.डी.एफ. 35** सीटों पर सिमट रहा है। **भाजपा को यहां महज 03** सीटें मिली हैं।

पुद्दुचेरी में विधानसभा की 30 में से एनडीए गठबंधन 18 सीट के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं कांग्रेस गठबंधन 06 सीट जीतता दिख रहा है।

**मतगणना प्रतिक्रिया**

पश्चिम बंगाल, असम समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के शुरुआती रुझानों में भाजपा को बढ़त मिलते ही मध्य प्रदेश में जश्न का माहौल बन गया। राजधानी भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिठाई के साथ कार्यकर्ताओं को बंगाल की मशहूर डिश झालमुड़ी खिलाकर बधाई दी गई। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी भोपाल स्थित आवास में झालमुड़ी बंटवाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उम्मीद नहीं पूरा विश्वास था कि महाविजय होगी, जो विश्वास था, वही नतीजे सामने आए हैं।

ग्वालियर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की बढ़त को लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि होली, दिवाली जैसे त्योहारों की तरह आज आनंद का माहौल है। यह अहंकारियों की पराजय और राष्ट्रवाद की जीत है।

**राहुल गाधी - केरलम**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों में केरलम की जनता को मिले निर्णायक जनादेश के लिए धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री गांधी ने हर यूडीएफ नेता और कार्यकर्ता को कड़ी मेहनत से चलाए गए और सफल चुनाव प्रचार के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि केरलम में प्रतिभा है, क्षमता है और अब वहां यूडीएफ की ऐसी सरकार है जो इन दोनों का सदुपयोग करने की दृष्टि रखती है।

**दुग्ध सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज ग्वालियर में 'राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन' में विचार साझा कर पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध व्यवसाय हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश के हर किसान और पशुपालक को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर में पशुओं के लिए केयर एंड वेलनेस सेंटर बनाने व पशु स्वास्थ्य एवं उपचार केंद्र का उन्नयन करने के साथ ही डबरा में नया पशु चिकित्सालय भी खोला जाएगा।

**विश्वविद्यालय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज ग्वालियर जिले के ग्राम बेला में आयोजित 'ऋषि गालव विश्वविद्यालय' के भूमिपूजन समारोह में सहभागिता की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ग्वालियर नया इतिहास गढ़ने जा रहा है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही राष्ट्र निर्माण के स्थल भी होते हैं। ऋषि गालव के नाम पर बनने वाला यह विश्वविद्यालय भी हमारी आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, संस्कृति और कौशल से सुसज्जित कर राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना कर इन्हें नई शिक्षा नीति के अनुरूप बहु संकाय कॉलेजों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**प्रसार भारती अध्यक्ष - ज□शी वैष्णव**

भारत के सार्वजनिक सेवा प्रसारक **प्रसार भारती** के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रसून जोशी ने आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्हें पिछले सप्ताह प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। श्री जोशी साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और सार्वजनिक संचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान देने के लिए प्रतिष्ठित हैं। इससे पहले, श्री जोशी मुंबई में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे हैं।

महिला आयोग

रेखा यादव ने आज मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। उनके साथ ही नवनियुक्त सदस्य साधना स्थापक ने भी कार्यभार संभाला। श्रीमती यादव ने यहां कहा कि आयोग अब केवल शिकायतों के निवारण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि महिलाओं के वैचारिक और सामाजिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेगा।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में इन दिनों मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले चार दिनों से तेज गर्मी की जगह आंधी और बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार यह बदला हुआ मौसम अभी कुछ और दिन बने रहने वाला है। विभाग ने आज प्रदेश के 34 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है, जबकि 6 जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के सुसनेर और नलखेड़ा के कई गांवों में तेज हवाओं के साथ आज बारिश हुई। वहीं कुछ गांवों में ओले भी गिरे। उधर अनूपपुर जिले में दोपहर में तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत दिलाई। अचानक बदले मौसम ने पूरे जिले में ठंडक घोल दी और तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

**सक्षिप्त समाचार**

1- शिवपुरी, झाबुआ स्थित कलेक्टर कार्यालय में आज महीने के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन हुआ।

2- सिंगरौली जिले में नवीन नलकूप खनन प्रतिबंधित किया गया है। जिला कलेक्टर ने इसके आदेश जारी किए हैं।

3- आगरमालवा जिले में समर्थन मूल्य पर 10 अप्रैल से शुरू हुई गेंहू खरीदी के पहले 23 दिनों में ही 14,311 किसानों से 62,520 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है।

4- सीहोर के अटल चौक पर जिला भारतीय जानता पार्टी ने पश्चिम बंगाल एवं असम राज्य में प्रचंड बहुमत से मिली विजय पर जीत का जश्न मनाया।

5- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जल संरक्षण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से

पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वर्षा से पहले सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं ताकि जल स्तर बढ़ाया जा सके।

6- नीमच में संचालित निजी मैरिज गार्डन, मांगलिक भवन व सामुदायिक भवनों के संचालकों की बैठक आज तहसील कार्यालय में एसडीएम संजीव साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

नमस्कार

---------------------------------